लोक सभा अध्यक्ष ने मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में नामली के पास दुर्घटना में मारे गए लोगो के निधन पर शोक व्यक्त किया

इंदौर, 14 अक्टूबर 2016: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में नामली के पास बस दुर्घटना में मारे गए लोगो के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा :

" मुझे यह जानकर दुःख हुआ है कि आज मध्यप्रदेश के रतलाम में नामली के पास बस दुर्घटना में अनेक यात्रियों का निधन हो गया है। मैं उन सभी परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अपने प्रियजनों को इस दुर्घटना में खोया है। साथ ही में दुर्घटना में घायल लोगो के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूँ "